# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड

(आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड में निम्नलिखित पद के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं : -

| पद का नाम | पद की संख्या/ श्रेणी | भर्ती की पद्धति | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| योजना सहायक | 01 (अनारक्षित) | सीधी भर्ती | वेतनमान स्तर-6 (₹35,400-1,12,400) 7वी सीपीसी पे मैट्रिक्स के अनुसार |

निर्धारित प्रारूप में आवेदन, सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण और सभी प्रमाण-पत्रों आदि की स्व-सत्यापित प्रतियों, आवेदन शुल्क **₹100** (गैर-वापसी योग्य) के आईपीओ/डिमांड ड्राफ्ट जो एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के पक्ष में नई दिल्ली मे देय हो, के साथ **5 मार्च 2024** को या उससे पहले सदस्य सचिव, एनसीआर प्लानिंग बोर्ड, पहली मंजिल, कोर-4बी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 तक पहुंच जाना चाहिए। आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन भी किया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा ।

पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यता, आयु, आवेदन का प्रारूप, भर्ती की विधि, ऑनलाइन शुल्क भुगतान विवरण आदि जैसे विवरण एनसीआरपीबी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन करने से पूर्व कृपया एनसीआरपीबी की वेबसाइट **https://ncrpb.nic.in** पर अवश्य जाएँ।

<u>आवश्यक नोट</u> -

**1.** यह विज्ञापन पूर्व विज्ञापन संख्या सीबीसी **44103/12/0009/2324** के क्रम मे है, जो टाइम्स ऑफ इंडिया और दैनिक जागरण (अखिल भारतीय संस्करण) में **12.12.2023** को और रोजगार समाचार संस्करण **23-29** दिसंबर **2023** में प्रकाशित किया गया था। यह सूचित किया जाता है कि पूर्व विज्ञापन संख्या सीबीसी **44103/12/0009/2324** मे त्रुटिवश यह उल्लेख किया गया था कि पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा। कृपया नोट करें कि इस पद पर चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा, कोई साक्षात्कार नही होगा।

**2.** जिन व्यक्तियों ने पहले आवेदन किया है उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके आवेदन की नियमानुसार जांच की जायेगी। हालाँकि, यदि वे किसी जानकारी को अद्यतन/संशोधित करना चाहते हैं, तो वे संदर्भ के लिए अपने पिछले आवेदन के उचित विवरण के साथ इसे जमा कर सकते हैं। जिन्होनें पहले आवेदन नहीं किया है वे भी आवेदन कर सकते हैं।

**3.** सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। लिखित परीक्षा के लिए पात्र पाए गए उम्मीदवारों की सूची एनसीआरपीबी वेबसाइट पर घोषित की जाएगी। लिखित परीक्षा की तिथि, समय और स्थान भी हमारी वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा। उम्मीदवारों को उनके द्वारा प्रदान की गई मेल आईडी पर मेल के माध्यम से भी सूचित करने का प्रयास किया जाएगा। इसलिए, कृपया अपनी सही ईमेल आईडी प्रस्तुत करें।

बोर्ड बिना कारण बताए उपरोक्त पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ह/-

**(सदस्य सचिव)**

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड

(आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय)
प्रथम तल, कोर- IV बी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली -03

फाइल संख्या Y-11011/7/2024 (9171269)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, नई दिल्ली में स्थित अपने कार्यालय के लिए निम्नलिखित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित करता है: -

| पद का नाम | पद की संख्या/ श्रेणी | भर्ती की पद्धति | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| योजना सहायक | 01 (अनारक्षित) | सीधी भर्ती | वेतनमान स्तर-6 (₹35,400-1,12,400) 7वी सीपीसी पे मैट्रिक्स के अनुसार |

विस्तृत पात्रता मानदंड, शैक्षिक और अन्य योग्यता, आयु आदि इस प्रकार हैं:-

<u>योजना सहायक</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पदनाम | योजना सहायक |
| 2. | पद की संख्या | एक (01) |
| 3. | वर्गीकरण | समूह 'बी'( अराजपत्रित) |
| 4. | वेतनमान | वेतनमान स्तर-6 (₹35,400-1,12,400) 7वी सीपीसी पे मैट्रिक्स के अनुसार |
| 5. | सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा | **30** वर्ष से अधिक नही |
| 6. | सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शिक्षा और अन्य योग्यताएँ | **आवश्यक:**<br>इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (सिविल)/तीन साल की पूर्णकालिक अवधि का आर्किटेक्चर में डिप्लोमा या समकक्ष।<br>ध्यान दें: वे उम्मीदवार जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आर्किटेक्चर/सिविल इंजीनियरिंग/प्लानिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की है, वे भी पात्र हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| | | **अधिमानी:**<br>जीआईएस, शहरी नियोजन और जीआईएस सॉफ्टवेयर में काम करने का दो साल का अनुभव। |
| 7. | क्या सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु और शैक्षणिक योग्यता पदोन्नत लोगों के मामले में लागू होगी। | आंतरिक उम्मीदवारों यानी एनसीआरपीबी के कर्मचारियों के लिए आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता सीधी भर्ती के समान ही होगी। |
| 8. | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | दो वर्ष |
| 9. | पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती की विधि और विभिन्न तरीकों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत। | सीधी भर्ती द्वारा<br><br>चयन लिखित प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर किया जाएगा जिसमें सामान्य बुद्धिमत्ता, तर्कशक्ति, सामान्य जागरूकता, मात्रात्मक योग्यता आदि में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न और वर्णनात्मक प्रकार के व्यावसायिक/तकनीकी परीक्षण शामिल होंगे।<br><br>लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।<br><br>उम्मीदवार के चयन के लिए कोई साक्षात्कार नहीं होगा। |
| 10. | पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती के मामले में, वो ग्रेड जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/ स्थानांतरण किया जाना है। | आंतरिक उम्मीदवार जो एआईटीपीई हैं या पद के लिए निर्धारित योग्यता और अनुभव को पूरा करते हैं, वे भी योजना से संबंधित किसी भी पद के लिए पात्र होंगे। |

सामान्य नियम एवं शर्तें :-

1. निर्धारित योग्यताएं न्यूनतम आवश्यक योग्यताएं हैं।
2. लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ई-मेल और/या स्पीड पोस्ट द्वारा सूचित किया जाएगा। बोर्ड किसी भी ईमेल विफलता/डाक में देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

3. लिखित प्रतियोगी परीक्षा सामान्य बुद्धिमत्ता, तर्कशक्ति, सामान्य जागरूकता, मात्रात्मक योग्यता आदि में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे और व्यावसायिक/तकनीकी परीक्षा वर्णनात्मक प्रकार की होगी।
4. लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।
5. उम्मीदवार के चयन के लिए कोई साक्षात्कार नहीं होगा
6. निर्धारित प्रारूप में आवेदन टाइप किया हुआ या साफ-सुथरे अक्षरों मे लिखा हुआ होना चाहिए।
7. नियत तिथि के बाद प्राप्त/किसी भी तरह से अपूर्ण या निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत नहीं किए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. उम्मीदवार की आयु दिनांक 05.03.2024 के अनुसार देखी जायेगी ।
9. एससी/एसटी/ओबीसी/भूतपूर्व सैनिक/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार होगी।
10. योजना सहायक के पद के लिए आंतरिक उम्मीदवारों यानी एनसीआरपीबी के कर्मचारियों के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष है। शैक्षिक योग्यता सीधी भर्ती के समान ही होगी।
11. चयन के संबंध में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी स्रोत से किसी भी प्रकार की सिफारिश आवेदक की उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर देगी।
12. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
13. एससी/एसटी/पीएच/भूतपूर्व सैनिक/महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।
14. पद पर कार्यभार ग्रहण करते समय मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।
15. केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपना आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित करना होगा और लिखित परीक्षा के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर उन्हे लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
16. आवेदन सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण आवेदन और उम्मीदवार द्वारा प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों, आयु में छूट के लिए सहायक दस्तावेजों आदि एवं आवेदन शुल्क हेतु एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के पक्ष में नई दिल्ली में देय 100 रुपये का एक क्रॉस आईपीओ / डिमांड ड्राफ्ट के साथ 4 मार्च 2024 को या उससे पहले सदस्य सचिव, एनसीआर प्लानिंग बोर्ड, पहली मंजिल, कोर-**4**बी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 तक पहुंच जाना चाहिए। आवेदन शुल्क का भुगतान राष्ट्रीय राजधानी

क्षेत्र योजना बोर्ड, बैंक खाता संख्या 53048557394 IFSC-SBIN0030203, भारतीय स्टेट बैंक, एसएमई शाखा, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110003 में ऑनलाइन भी किया जा सकता है (भुगतान रसीद की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाएगी)।

***

**PART-A**

## Application Format

| PASTE YOUR RECENT PHOTOGRAPH HERE |
|---|

Application for the post of ______________________________________

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | (a) Name (in Block letters) | : | |
| | (b) Correspondence Address | : | |
| | (c) Permanent Address | | |
| | (d) Mobile / Tel. No. | : | |
| | (e) E-mail Address | | |
| | (f) Father's Name | : | |
| 2. | Date of Birth (in Christian era) (in dd/mm/yyyy format) | : | |
| | (age as on 05.03.2024) | | …………..… years….… …… months |
| 3 | (a) Date of entry into service | : | |
| | (b) Date of retirement under Central/ State Government/PSU/ Autonomous Body | : | |

4. **Educational Qualifications:**

| S.No. | Name of the Examination | Board/University | Year of Passing | Division/Class |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

5. Whether Educational and other qualifications required for the post are satisfied. (If any qualification has been treated as equivalent to the one prescribed in the rules, state the authority for the same)

| Qualifications/Experience required as mentioned in the advertisement/vacancy circular | Qualifications/ Experience possessed by the officer/candidate |
|---|---|
| **Essential**<br>Diploma in Engineering (Civil)/Diploma in Architecture of three years full time duration or equivalent.<br><br>**Note:** Those candidates who have done Bachelor degree in Architecture/Civil Engineering/Planning from a recognized university/institution are also eligible.<br><br>**Preferential:**<br>Candidate with two years experience in GIS, Urban Planning and working experience in GIS softwares<br><br>A) Qualification : -----<br><br>B) Experience : ----- | **Essential**<br>A) Qualifications<br><br>B) Experience<br><br>**Desirable**<br>A) Qualification<br><br>B) Experience |

| | |
|---|---|
| | |

***Note:***

*5.1 In the case of Degree and Post Graduate Qualifications Elective/main subjects and subsidiary subjects may be indicated by the candidate.*

| | |
|---|---|
| 6. Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requisite Essential Qualifications and work experience of the post | |

7. Details of Employment, in chronological order. Enclose a separate sheet, duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient

| Office/Institution. | Post held on regular basis | From | To | *Pay Band and Grade pay/pay Scale of the post held on regular basis | Nature of Duties (in details) highlighting experience required for the post applied for |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

* ***Important:*** *Pay Level /Pay band and grade pay granted under ACP/MACP are personal to the officer and therefore should not be mentioned. Only Pay Band and Grade Pay/ Pay scale of the post held on regular basis to be mentioned. Details of ACP/MACP with present Pay Band and Grade Pay where such benefits have been drawn by the Candidate, may be indicated as below;*

| Office/Institution | Pay, Pay Level, and Grade Pay drawn under ACP/MACP Scheme | From | To |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. Nature of present employment i.e. Ad-hoc or Temporary or Quasi-Permanent or Permanent | | | |
| 9. In case the present employment is held on deputation/contract basis, please state- | | | |
| a) The date of initial appointment | b) Period of appointment on deputation/contract | c) Name of the parent office/organization to which the applicant belongs. | d) Name of the post and Pay of the post held in substantive capacity in the parent organization. |
| | | | |

| | |
|---|---|
| 10. Additional details about present employment:<br>Please state whether working under (indicate the name of your employer against the relevant column)<br>(a) Central Government<br>(b) State Government<br>(c) Autonomous Organization<br>(d) Government Undertaking<br>(e) Universities<br>(f) Others | |
| 11. Please state whether you are working in the same Department and are in the feeder grade or feeder to feeder grade | |
| 12. Are you in Revised Scale of Pay? If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the pre-revised scale | |
| 13. Total emoluments per month now drawn | |

| Level in Pay Matrix | Pay Drawn | Total Emoluments |
|---|---|---|
| | | |

14. In case the applicant belongs to an Organization which is not following the Central Government Pay-scales, the latest salary slip issued by the organization showing the following details may be enclosed.

| Basic Pay with Scale of pay and rate of increment | Dearness Pay/interim relief/other Allowances etc. (with break-up details) | Total Emoluments |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 15 (A) Additional information, if any, relevant to the post you applied for in support of your suitability for the post. | |

| | |
|---|---|
| (This among other things may provide information with regard to (i) additional academic qualifications (ii) professional training and (iii) work experience over and above prescribed in the vacancy Circular/Advertisement) (Note: enclose a separate sheet, if the space is insufficient) | |
| **15 (B) Achievements:**<br>The candidates are requested to indicate information with regard to;<br>(i) Research publications and reports and special projects<br>(ii) Awards/Scholarships/Official Appreciation<br>(iii) Affiliation with the professional bodies/institutions/societies and;<br>(iv) Patents registered in own name or achieved for the organization<br>(v) Any research/ innovative measure involving official recognition<br>(vi) vi) any other information.<br><br>(Note: Enclose a separate sheet if the space is insufficient) | |
| 16. Whether belongs to SC/ST/ OBC | |
| 17. Details of application fees paid | |

I have carefully gone through the vacancy circular/advertisement and I am well aware that the information furnished in the Curriculum Vitae duly supported by the documents in respect of Essential Qualification/ Work Experience submitted by me will also be assessed by the Selection Committee at the time of selection for the post. The information/ details provided by me are correct and true to the best of my knowledge and no material fact having a bearing on my selection has been suppressed/ withheld.

(Signature of the candidate)

Address : ____________________

______________________

Date: _____________